# कक्षा-10

# समासों से सम्बंधित महत्वपूर्ण बहुविकल्पीय प्रश्न

# विभिन्न विधाओं के लेखक एवं उनकी कृति

| लेखक | कृति | विधा |
|---|---|---|
| • आचार्य रामचन्द्र शुक्ल | चिन्तामणि | निबन्ध |
| • गुलाब राय | ठलुआ क्लब | निबन्ध |
| • प्रेमचन्द | गबन | उपन्यास |
| • चतुरसेन शास्त्री | आत्मदाह | उपन्यास |
| • जयशंकर प्रसाद | पुरस्कार | कहानी |
| • प्रेमचन्द | पंच परमेश्वर | कहानी |
| • जयशंकर प्रसाद | चन्द्रगुप्त | नाटक |
| • हरिकृष्ण प्रेमी | प्रतिशोध | नाटक |

# विभिन्न विधाओं के लेखक एवं उनकी कृति

| लेखक | कृति | विधा |
|---|---|---|
| • डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी | कल्पलता | निबन्ध |
| • जैनेन्द्रकुमार | जड़ की बात | निबन्ध |
| • यशपाल | झूठा-सच | उपन्यास |
| • भगवतीचरण वर्मा | भूले-बिसरे चित्र | उपन्यास |
| • इलाचन्द्र जोशी | आहुति | कहानी |
| • राजेन्द्र यादव | प्रतीक्षा | कहानी |
| • उपेन्द्रनाथ अश्क | जय-पराजय | नाटक |

## ➤ डायरी

डायरी लेखन-कला का प्रारम्भ लगभग सन् 1930 ई0 के आस-पास माना जाता है। नरदेव शास्त्री वेदतीर्थ को प्रथम डायरी लेखक माना जाता है। उनकी डायरी '**नरदेव शास्त्री वेदतीर्थ की जेल डायरी**' के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी में डायरी लेखन-कला का उदय हुआ था। छायावादी युग में धीरेन्द्र वर्माकृत '**मेरी कॉलेज डायरी**' उल्लेखनीय है। छायावादोत्तर युग में इलाचन्द्र जोशी, रामधारीसिंह 'दिनकर', शमशेरबहादुर सिंह, मोहन राकेश आदि की डायरियाँ प्रकाशित हुई हैं। हिन्दी में गद्य की इस कलात्मक विधा का अभी पूर्ण विकास नहीं हुआ है, लेकिन यह अपने विकास-पथ पर अग्रसर है तथा भविष्य में इसके विकसित होने की पर्याप्त सम्भावनाएँ हैं।

## ➤ एकांकी

नाटक का एक महत्त्वपूर्ण रूप एकांकी है। 'एकांकी' किसी एक महत्त्वपूर्ण घटना, परिस्थिति या समस्या को आधार बनाकर लिखा जाता है और उसकी समाप्ति एक ही अंक में उस घटना के चरम क्षणों को मूर्त करते हुए कर दी जाती है। हिन्दी में एकांकी नाटकों का विकास छायावाद युग से माना जाता है। सामान्यतः श्रेष्ठ नाटककारों ने ही श्रेष्ठ एकांकियों की भी रचना की है। डॉ0 रामकुमार वर्मा द्वारा लिखित 'दीपदान', 'रेशमी टाई' तथा उपेन्द्रनाथ अश्क के 'तौलिये', 'अंधी गली' प्रमुख एकांकी हैं।

## ➤ उपन्यास

उपन्यास वर्तमान हिन्दी साहित्य की सर्वप्रिय विधा है। उपन्यास के स्वरूप में साहित्य की सभी विधाओं को सन्निहित करने की क्षमता है। उपन्यास में कथा तो है ही, साथ ही अवसर आने पर वह काव्य की-सी भावुकता और संवेदना जाग्रत कर पाठकों को तल्लीन करता है।

श्रीनिवास द्वारा रचित '**परीक्षा गुरु**' हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास माना जाता है। इस युग के उपन्यास में गम्भीरता का प्रायः अभाव है तथा वे घटनाप्रधान हैं। इस युग के प्रमुख उपन्यासकार और उनके उपन्यास हैं–बालकृष्ण भट्ट (**नूतन ब्रह्मचारी**); देवकीनन्दन खत्री (**चन्द्रकान्ता सन्तति** और **भूतनाथ**); गोपालदास गहमरी (**नये बाबू, चतुर चंचला**); किशोरीलाल गोस्वामी (**तारा, सुल्ताना, सोना और सुगन्ध**)।

प्रेमचन्द युग में मुंशी प्रेमचन्द ने '**सेवासदन**', '**निर्मला**', '**गबन**', '**रंगभूमि**', '**कर्मभूमि**', '**गोदान**', जयशंकर प्रसाद ने '**कंकाल**', '**तितली**', '**इरावती**' (अपूर्ण) जैसे सशक्त उपन्यास हिन्दी को दिये। इनके अतिरिक्त इस युग के प्रमुख उपन्यासकार आचार्य चतुरसेन शास्त्री, विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक', भगवतीचरण वर्मा, वृन्दावनलाल वर्मा आदि हैं। प्रेमचन्दोत्तर युग के प्रमुख उपन्यासकार एवं उनके उपन्यास इस प्रकार हैं–जैनेन्द्र (**परख, सुनीता, त्यागपत्र**); इलाचन्द्र जोशी (**जहाज का पंछी, घृणापथ**); अज्ञेय (**शेखर : एक जीवनी, नदी के द्वीप**)। इस युग के अन्य उपन्यासकार हैं–यशपाल, रांगेय राघव, अमृतलाल नागर, धर्मवीर भारती, उपेन्द्रनाथ 'अश्क', फणीश्वरनाथ 'रेणु', रामदरश मिश्र, राही मासूम रजा, शिवानी, शैलेश मटियानी, उषा प्रियंवदा आदि।

# प्रमुख कवि और उनकी रचनाएँ

| | | |
|---|---|---|
| भारतेन्दु-युग | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र<br>श्रीधर पाठक | प्रेम-माधुरी<br>कश्मीर-सुषमा |
| द्विवेदी-युग | मैथिलीशरण गुप्त<br>अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' | साकेत<br>प्रियप्रवास |
| छायावादी युग | जयशंकर 'प्रसाद'<br>महादेवी वर्मा | कामायनी<br>यामा |
| प्रगतिवादी युग | शिवमंगल सिंह 'सुमन'<br>रामधारीसिंह 'दिनकर' | प्रलय सृजन<br>उर्वशी |
| प्रयोगवादी युग | 'अज्ञेय'<br>नागार्जुन | आँगन के पार द्वार<br>प्यासी-पथरायी आँखें |
| नयी कविता युग | गिरिजाकुमार माथुर<br>भवानीप्रसाद मिश्र | धूप के धान<br>खुशबू के शिलालेख |

1. ‘शताब्दी’ में कौन–सा समास है?

(क) द्विगु (ख) कर्मधारय

(ग) बहुव्रीहि (घ) द्वन्द्व

2. 'त्रिवेणी' में कौन-सा समास है?

(क) द्वन्द्व (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) अव्ययीभाव

3. 'दशानन' का समास-विग्रह है-

(क) दस हैं मुख जिसके (रावण)

(ख) दस है मुख जिसके (विष्णु)

(ग) दिशाएँ ही हैं वस्त्र जिसके अर्थात् नग्न

(घ) दस है आँखे जिसकी (पार्वती)

4. 'हानि-लाभ' में समास है-

(क) द्वन्द्व (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) बहुव्रीहि

5. 'अधपका' में समास है–

(क) द्वन्द्व (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) बहुव्रीहि

6. 'सुख-दुःख' में समास है-

(क) द्विगु (ख) अव्ययीभाव-

(ग) कर्मधारय (घ) द्वन्द्व

7. ‘चक्रपाणि’ में समास है

(क) द्विगु (ख) बहुव्रीहि
(ग) द्वन्द्व (घ) तत्पुरुष

8. 'पंचवटी' में कौन-सा समास है?

(क) कर्मधारय (ख) द्वन्द्व

(ग) द्विगु (घ)तत्पुरुष

9. 'कनकलता' में कौन-सा समास है?

(क) कर्मधारय (ख) द्वन्द्व

(ग) द्विगु (घ) तत्पुरुष

10. 'चंद्रवदन' में कौन-सा समास है?

(क) कर्मधारय (ख) द्वन्द्व

(ग) द्विगु (घ)तत्पुरुष

11. 'वीणापाणि' में समास है

(क) द्विगु (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्वन्द्व (घ) तत्पुरुष

12. 'षड्दर्शन' में कौन–सा समास है?

(क) तत्पुरुष (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) द्वन्द्व

13. ‘गंगा–यमुना’ का समास–विग्रह है–

(क) गंगा और यमुना

(ख) गंगायमुना

(ग) गंग + यमुना

(घ) यमुना+गंगा

14. 'भीमार्जुन' में समास है–

(क) द्विगु (ख) कर्मधारय
(ग) द्वन्द्व (घ) बहुव्रीहि

15. 'हर्ष-विषाद' में समास है–

(क) द्विगु (ख) द्वन्द्व
(ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

16. ‘राम–रहीम’ समस्त पद का समास–विग्रह है–

(क) राम +रहीम (ख)राम और रहीम

(ग) राममं रहीम (घ) रामा + रहीम

17. 'सप्तर्षि' का समास-विग्रह है-

(क) ऋषियों का समाहार

(ख) सात ऋषियों का समूह

(ग) सप्तम् ऋषि

(घ) सात सिन्धुओं का समूह

18. 'शताब्दी' का समास-विग्रह है-

(क) सौ वर्षों का समूह

(ख) सौ दिनों का समूह

(ग) सौ महीनों का समूह

(घ) इनमें से कोई नहीं

19. 'चतुर्वर्ण' में समास है–

(क) द्वन्द्व समास
(ख) बहुव्रीहि समास
(ग) कर्मधारय समास
(घ) द्विगु समास

20. 'वेद-पुराण' में समास है

(क) द्विगु (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्वन्द्व (घ) तत्पुरुष

21. 'पीतांबर' में समास है

(क) द्विगु (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्वन्द्व (घ) तत्पुरुष

22. 'लंबोदर' में समास है

(क) द्विगु (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्वन्द्व (घ) तत्पुरुष

23. 'राजा-रानी' में कौन-सा समास है?

(क) द्वन्द्व (ख) द्विगु

(ग) कर्मधारय (घ) बहुव्रीहि

24. 'चार राहों का समूह' का समास बनेगा

(क) चार मार्ग (ख) चौराहा

(ग) चार राह (घ)इनमें से कोई नहीं

25. 'सात नदियों का समूह' का समास होगा–

(क) सप्त सिन्धु (ख) सात नदी

(ग) सप्त न (घ) इनमें से कोई नहीं

26. चर और अचर में कौन-सा समास है?

(क) दिगु (ख) द्वन्द्व
(ग) बहुव्रीहि (घ) कर्मधारय

27. ‘चौराहा’ का समास-विग्रह क्या होगा?

(क) चार मासों का समूह
(ख) चार राहों का समूह
(ग) चार वटों का समूह
(घ) इनमें से कोई नहीं।

28. 'लाभ-हानि' में कौन सा समास है?

(क) द्वंद्व (ख) द्विगु

(ग) बहुव्रीहि (घ) कर्मधारय

29. ‘देश–विदेश’ का समास विग्रह क्या होगा?

(क) देश और विदेश

(ख) देश और देश

(ग) देश का विदेश

(घ) देश के लिए विदेश

30. 'पीताम्बर' में कौन-सा समास है?

(क) कर्मधारय (ख) द्वन्द्व

(ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

31. 'घी–शक्कर' में कौन–सा समास है?

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

32. 'जल और थल' में समास है?

(ग) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(घ) द्विगु (ग) कर्मधारय

33. 'तिरंगा' में कौन-सा समास है?

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

34. 'अन्न-जल' में कौन-सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

35. ‘नदी–नाले’ में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

36. 'नवरत्न' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

37. 'सप्तर्षि' में कौन सा समास है?

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

38. ‘उत्थान-पतन’ में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

39. 'राम–कृष्ण' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

40. 'त्रिभुज' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

41. 'राधा–कृष्ण' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

42. ‘पंचपल्लव’ में कौन सा समास है

(क) द्वंद्व (ख) तत्पुरुष

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

43. ‘पंचपात्र’ में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

44. 'पिता–पुत्र' में कौन सा समास है

(क) द्विगु (ख) द्वंद्व

(ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

45. 'चौमासा' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

46. 'त्रिफला' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

47. ‘सप्ताह’ में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु

(ग) द्वंद्व (घ) कर्मधारय

48. 'नील कमल' में कौन–सा समास है?

(क) कर्मधारय (ख) द्वन्द्व

(ग) द्विगु (घ) तत्पुरुष

49. 'पंचवटी' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

50. 'माता–पिता' में कौन सा समास है

(क) द्वंद्व (ख) तत्पुरुष

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

51. 'त्रिभुवन' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

52. 'चंद्रशेखर' में कौन सा समास है

(क) बहुव्रीहि (ख) द्वंद्व

(ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

53. 'आना-जाना' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु

(ग) द्वंद्व (घ) कर्मधारय

54. 'पाप–पुण्य' में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

55. ‘बारहमासा’ में कौन सा समास है

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 (क) | 2 (ग) | 3 (क) | 4 (क) | 5 (ख) | 6 (घ) | 7 (ख) | 8 (ग) | 9 (क) | 10 (क) |
| 11 (ख) | 12 (ग) | 13 (क) | 14 (ग) | 15 (ख) | 16 (ख) | 17 (ख) | 18 (क) | 19 (घ) | 20 (ग) |
| 21 (ख) | 22 (ख) | 23 (क) | 24 (ख) | 25 (क) | 26 (ख) | 27 (ख) | 28 (क) | 29 (क) | 30 (ग) |
| 31 (ख) | 32 (ख) | 33 (ग) | 34 (ख) | 35 (ख) | 36 (ग) | 37 (ग) | 38 (ग) | 39 (ग) | 40 (ग) |
| 41 (ख) | 42 (ग) | 43 (ग) | 44 (ख) | 45 (ग) | 46 (ग) | 47 (ख) | 48 (क) | 49 (ग) | 50 (क) |
| 51 (ग) | 52 (क) | 53 (ग) | 54 (ख) | 55 (ग) | | | | | |

# उपसर्गों से संबधित महत्वपूर्ण बहुविकल्पीय प्रश्न

1. निम्न में से किस शब्द में 'अप' उपसर्ग नही है–

(क) अपयश (ख) अपकीर्ति

(ग) अपशब्द (घ) अपावन

2. 'अनुग्रह' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(क) अन्　　(ख) अ
(ग) अनु　　(घ) गृह

3. ‘निर्जन’ शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है–

(क) नि (ख) नीर
(ग) निर् (घ) निस

4. 'आकर्षण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है?

(क) आक्  (ख) कर्षण
(ग) अक  (घ) आ

5. 'अनु' उपसर्ग से युक्त शब्द नही है–

(क) अनुभाव (ख) अनुकरण

(ग) अनुचर (घ) अनुचित

6. ‘उपेक्षित’ शब्द में उपसर्ग है–

(क) अप (ख) उप
(ग) उपे (घ) क्षित

7. 'सुदर्शन' शब्द में उपसर्ग है–

(क) सुद　　(ख) सु

(ग) सुर　　(घ) दर्शन

8. ‘अपार’ शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(क) आ (ख) अ

(ग) अन (घ) उप

9. ‘अभ्यागत’ में उपसर्ग है

(क) अ (ख) अभि

(ग) आ (घ) अप

10. 'अपव्यय' में उपसर्ग लगा है–

(क) उप (ख) अ

(ग) अप (घ) आ

ज्ञानसिन्धु कोचिंग क्लासेस
अनुशासनेन विद्या अभ्यासेन विद्या
ज्ञानात् मुक्तिः
।। ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम् ।।

11. 'परि' उपसर्ग लगाकर सही शब्द बनेगा–

(क) परिपूर्ण (ख) परामर्श
(ग) पुरुषोत्तम (घ) परिशण

12. 'उप' उपसर्ग से बना शब्द है–

(क) उपदेश (ख) ऊपर

(ग) उपनाम (घ) अपमान

13. 'अनुचर' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(क) अनु (ख) अन्

(ग) चर (घ) अ

14. 'अधिग्रहण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(क) अति (ख) अधि

(ग) अघ (घ) अ

15. ‘परिजन’ शब्द में उपसर्ग है–

(क) परि (ख) जन

(ग) प (घ) न

16. 'अभिवादन' , अभ्युदय, अभिजात शब्द में उपसर्ग है–

(क) अभि (ख) वाद

(ग) वादन (घ) इनमे से कोई नही

17. 'उपदेश' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(क) उ (ख) अ
(ग) उप (घ)अन्

18. 'पर्यावरण शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(क) पर्या (ख) वरण
(ग) परि (घ) पृ

19. ‘सह’ उपसर्ग लगाकर सही शब्द बनेगा–

(क) सहकर्मी (ख) सुमति

(ग) असुविधा (घ) कुसंगति

20. ‘अनादर’ शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है ?

(क) अन् (ख) अनु
(ग) अ (घ) आ

21. निम्न में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं है?

(क) अचानक (ख) अभाव

(ग) अकाट्य (घ) अकुशल

22. किस शब्द में 'परि' उपसर्ग नहीं है?

(क) परिचर्या (ख) परिचारक

(ग) परिंदा (घ) पर्यावरण

23. 'अनु' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है?

(क) अनुचर (ख) अनुत्तम

(ग) अनुगमन (घ) अनुपालन

24. कौन-सा शब्द 'निर्' उपसर्ग रहित है?

(क) निष्कपट (ख) निर्जन

(ग) निराकार (घ) निरवयव

25. निम्न में से किस शब्द में 'अन्' उपसर्ग नहीं है?

(क) अनाचार (ख) अनावश्यक
(ग) अनभिज्ञ (घ) अन्नागार

26. निम्न में से किस शब्द में 'अभि' उपसर्ग नहीं है?

(क) अभिमन्यु (ख) अभिमान

(ग) अभिन्न (घ) अभ्युदय

27. 'सु' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है?

(क) सुयोग्य (ख) सुसम्पन्न

(ग) सुनना (घ) सुगम

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 (घ) | 2 (ग) | 3 (ग) | 4 (घ) | 5 (घ) | 6 (ख) | 7 (ख) | 8 (ख) | 9 (ख) | 10 (ग) |
| 11 (क) | 12 (ग) | 13 (क) | 14 (ख) | 15 (क) | 16 (क) | 17 (ग) | 18 (ग) | 19 (क) | 20 (क) |
| 21 (क) | 22 (ग) | 23 (ख) | 24 (क) | 25 (घ) | 26 (ग) | 27 (ग) | | | |

# पर्यायवाची से सम्बंधित

# बहुविकल्पीय प्रश्न

1. 'अग्नि' का पर्यायवाची –

(क) अनल (ख) पावक

(ग) आग (घ) उक्त सभी

2. 'क्रोध' का पर्यायवाची है–

(क) कुपित (ख) प्रेम

(ग) ईर्ष्या (घ) द्वेष

3.निम्न में कौन 'पक्षी' का पर्यायवाची है?

(क) विहग (ख) खग

(ग) द्विज (घ) इनमें सभी

4. 'संसार' का पर्यायवाची है–

(क) दुनिया (ख) विश्व

(ग) भूमण्डल (घ) इनमें सभी

5. 'बादल' का पर्यायवाची होगा–

(क) वारिद (ख) नीरज

(ग) पंकज (घ) अंबुज

6. 'आंख' का पर्यायवाची है-

(क) नेत्र (ख) चक्षु

(ग) नयन (घ) इनमें सभी

7. 'इन्द्र' का पर्यायवाची है-

(क) दिनमणि (ख) सुरेन्द्र

(ग) महेश (घ) गणेश

8. 'उपवन' का पर्यायवाची है

(क) बगीचा (ख) अरण्य

(ग) देवेश (घ) विटप

9. 'गणेश' का पर्यायवाची है–

(क) महेश (ख) गणपति

(ग) देवेश (घ) सुरेश

10. 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है–

(क) भागीरथी (ख) कालिन्दी

(ग) सुरसरिता (घ) देवनदी

11. हिमांशु, सुधांशु, इन्दु आदि किसके पर्यायवाची हैं?

(क) सूर्य के (ख) चन्द्रमा के
(ग) पृथ्वी क (घ) आकाश के

12. 'कमल' का पर्यायवाची है–

(क) पंकज (ख) जलद

(ग) नीरद (घ) अम्बुद

13. 'पुत्र' का पर्यायवाची है–

(क) सुत (ख) सुता

(ग) तनया (घ) आत्मजा

14. अमृत का पर्यायवाची शब्द है–

(क) जीवन (ख) पावन

(ग) अमिय (घ) पिय

15. रसाल, अमृत फल, सहकार किस शब्द का पर्याय है ?

(क) मीठा (ख) जामुन
(ग) पपीता (घ) आम

16. देवनदी, सुरसरिता, मंदाकिनी पर्यायवाची शब्द है-

(क) यमुना के (ख) सरस्वती के

(ग) गंगा के (घ) सरयू के

17. चपला, चंचला, विद्युत किस शब्द के पर्याय हैं ?

(क) वर्षा (ख) बादल
(ग) वायु (घ) बिजली

18. ‘समुद्र’ शब्द का पर्याय नहीं है–

(क) सागर (ख) जलधि

(ग) पारावार (घ) महीपति

19. दिनकर, भानु, भास्कर पर्याय है–

(क) सूर्य के (ख) चंद्रमा के

(ग) तारों के (घ) हाथी के

20. शंभु, शिव, पशुपति आदि किसके पर्यायवाची हैं–

(क) ब्रह्मा (ख) विष्णु

(ग) महेश (घ) गणेश

21. सुर, अमर, देव कहलाते हैं–

(क) विलोम (ख) अनुलोम
(ग) पर्यायवाची (घ) उपसर्ग

22. 'धनुष' का पर्यायवाची शब्द है।

(क) अशिम (ख) कुलिस

(ग) कोदण्ड (घ) पवि

23. पट, वसन किसके पर्यायवाची शब्द हैं–

(क) आकाश के (ख) पाताल के
(ग) वस्त्र के (घ) लकड़ी के

24. अहि, भुजंग, विषधर कहा जाता है–

(क) मेढक को (ख) कोयल को

(ग) सर्प को (घ) मयूर को

25. जिन शब्दों के अर्थ में समानता हो कहलाते हैं–

(क) विलोम शब्द (ख) प्रतिलोम शब्द
(ग) पर्यायवाची शब्द (घ) उपसर्ग

26. ‘मछली’ का पर्यायवाची है–

(क) अज (ख) मीन

(ग) रसना (घ) मूढ़

ज्ञानात् मुक्तिः
॥ ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम् ॥

27. निम्नलिखित में से अग्नि’ का पर्यायवाची नहीं है

(क) अनल (ख) अनिल

(ग) पावक (घ) ज्वाला

28. प्रसूति, अपत्य पर्यायवाची है–

(क) सन्तान के (ख) संसार के

(ग) भामिनी, वनिता (घ) तिर्य, वल्लभा

29. निम्न में से ‘माता’ शब्द के पर्यायवाची कौन-से हैं?

(क) अम्बा, मात (ख) भ्राता, मीत
(ग) भगिनी,वनिता (घ) तिर्य,वल्लभा

30. ‘अम्बर’ और ‘वसन’ किस शब्द के पर्यायवाची हैं?

(क) कमल (ख) कपड़ा

(ग) झण्डा (घ) बादल

31. नौका' शब्द का सही पर्यायवाची शब्द है–

(क) शर्वरी (ख) तरी

(ग) तटिनी (घ) दुहिता

32. श्री, हरिप्रिया, रमा किसके पर्यायवाची हैं?

(क) यमुना (ख) लक्ष्मी
(ग) सरस्वती (घ) राधाजी

33. 'बादल' शब्द के पर्यायवाची हैं–

(क) पीलांक, सस्य (ख) तड़ित, चपला
(ग) अम्बुद, पयोद (घ) वृष्टि, बौछार

34. ‘सोना’ शब्द के पर्यायवाची हैं।

(क) हेम, हिरण्य (ख) सारंग, कुरंग

(ग) केतु, पताका (घ) अनी, अनिय

35. शतदल, उत्पल, वारिज किसके पर्यायवाची है?

(क) कपड़ा (ख) गुलाब
(ग) कमल (घ) सूरजमुखी

36. शचीपति, सुरपति, पुरन्दर, देवेन्द्र आदि कहलाते हैं-

(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय

(ग) विलोम (घ) पर्यायवाची

37. विनायक, भालचन्द्र किस शब्द के पर्यायवाची हैं–

(क) गणेश (ख) देवता
(ग) इन्द्र (घ) शिव

|| ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम् ||

38. 'अश्व' शब्द के पर्यायवाची हैं–

(क) तुरंग, हय
(ख) पिक, परमृत
(ग) विहंग, द्विज
(घ) मर्कट, कपि

39. 'विद्युत' शब्द के पर्यायवाची नहीं हैं–

(क) बिजली (ख) तड़ित

(ग) चपला (घ) रमणी

40. 'कानन' का पर्यायवाची शब्द है

(क) पुष्प (ख) विश्व

(ग) वन (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

ज्ञानसिन्धु कोचिंग क्लासेज
|| ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम् ||

41. निम्नलिखित में से कौन–सा 'रात्रि' का पर्यायवाची नहीं है?

(क) विभावरी (ख) समीर
(ग) निशि (घ) रजनी

42. 'मृगेंद्र' का पर्यायवाची शब्द है

(क) हिरन (ख) शार्दूल

(ग) कुरंग (घ) अहि

43. इनमें से कौन-सा शब्द 'कनक' का पर्यायवाची नहीं है?

(क) सोना (ख) धतूरा
(ग) मक्का (घ) गेहूँ

44. 'व्योम' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं

(क) अंतरिक्ष (ख) पीयूष

(ग) अम्बर (घ) नभ

45. 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(क) वसुन्धरा (ख) धरित्री
(ग) भू (घ) अम्बर

46. 'मयूर' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं-

(क) केकी (ख) कलापी

(ग) शैल (घ) शिखी

ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम्

47. 'जल' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं

(क) तोय (ख) पय

(ग) सलिल (घ) अम्बुज

48. 'तालाब' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं

(क) शर (ख) सर

(ग) पुष्कर (घ) जलाशय

49. 'नदी' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं

(क) सलिला (ख) सरित

(ग) रमणी (घ) तटिनी

50. 'खग', 'द्विज', 'अण्डज', विहंग आदि किसके पर्यायवाची हैं?

(क) बादल (ख) पक्षी

(ग) आकाश (घ) नदी

51. 'अम्बर', 'अनन्त', 'गगन', 'व्योम' आदि किसके पर्यायवाची हैं?

(क) बादल (ख) विहंग

(ग) आकाश (घ) पर्वत

52. निम्न में से 'कमल' का पर्यायवाची है–

(क) वारिद (ख) अरविन्द

(ग) जलद (घ) अम्बुधि

ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम्

53. 'सुरेन्द्र, 'देवेश', 'देवराज' आदि किसके पर्यायवाची शब्द हैं–

(क) विष्णु (ख) शिव
(ग) इन्द्र (घ) नारद

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 (घ) | 2 (क) | 3 (घ) | 4 (घ) | 5 (क) | 6 (घ) | 7 (ख) | 8 (क) | 9 (ख) | 10 (ख) |
| 11 (ख) | 12 (क) | 13 (क) | 14 (ग) | 15 (घ) | 16 (ग) | 17 (घ) | 18 (घ) | 19 (क) | 20 (ख) |
| 21 (ग) | 22 (ग) | 23 (ग) | 24 (ग) | 25 (ग) | 26 (ख) | 27 (ख) | 28 (क) | 29 (क) | 30 (ख) |
| 31 (ख) | 32 (ख) | 33 (ग) | 34 (क) | 35 (ग) | 36 (घ) | 37 (क) | 38 (क) | 39 (घ) | 40 (ग) |
| 41 (ख) | 42 (ख) | 43 (ग) | 44 (ख) | 45 (घ) | 46 (ग) | 47 (घ) | 48 (क) | 49 (ग) | 50 (ख) |
| 51 (ग) | 52 (ख) | 53 (ग) | | | | | | | |

# तत्सम-तद्भव से सम्बंधित बहुविकल्पीय प्रश्न

1.‘अक्षि’ शब्द का तद्भव शब्द है

(क) आँख (ख) कान

(ग) भौंह (घ) दाँत

2.‘कपड़ा’ का तत्सम है–

(क) वस्त्र (ख) कर्पट

(ग) दुकूल (घ) वसन

3.'जेठ' का तत्सम होगा–

(क) ज्येष्ट (ख) ज्येष्ठ

(ग) जेठ मास (घ) कनिष्ठ

4.‘नेह’ का तत्सम क्या होगा ?

(क) स्नेह (ख) प्रेम

(ग) लगाव (घ) इनमें से कोई नहीं

5.'पत्थर' का तत्सम क्या होगा ?

(क) पाथर (ख) शिला

(ग) प्रस्तर (घ) इनमें से कोई नहीं

6.'ब्याह' का तत्सम रूप होगा–

(क) विवाह (ख) शादी

(ग) पाणिग्रहण (घ) कोई नहीं

7.‘पंछी’ का तत्सम रूप है–

(क) पक्षी (ख) पंक्षी

(ग) खग (घ) विहग

8. ‘आँसू का तत्सम रूप है–

(क) अश्रु (ख) अंशु

(ग) रोना (घ) आँख

9.‘रात’ का तत्सम होगा–

(क) रात्रि (ख) निशा

(ग) दिन (घ) इनमें से कोई नहीं

10.‘खीर’ का तत्सम रूप है

(क) छीर (ख) क्षीर

(ग) क्षीण (घ) खीन

11.‘नखत’ तद्भव शब्द का तत्सम रूप होगा–

(क) नवीन (ख) नक्षत्र

(ग) स्नेह (घ) निष्ठुर

12.‘स्कन्ध’ शब्द का तद्भव रूप होगा–

(क) टखना (ख) घुटना

(ग) कन्धा (घ) कमर

13.‘काज’ शब्द का तत्सम रूप है

(क) कार्य (ख) कर्म

(ग) छिद्र (घ) श्रम

14.'मौक्तिक' शब्द का तद्भव शब्द है–

(क) मीत (ख) मोती

(ग) मयूर (घ) मीठा

15.‘तालाब’ शब्द का तत्सम शब्द होगा–

(क) समुद्र (ख) झील

(ग) तड़ाग (घ) महासागर

16. ‘पुहुप’ शब्द का तत्सम रूप क्या होगा?

(क) पुत्र (ख) पुष्प

(ग) भक्त (घ) वात

17.‘राज्ञी’ शब्द का तद्भव रूप है–

(क) रानी (ख) बाँदी
(ग) दासी (घ) रागिनी

18.‘परमोद’ का तत्सम रूप है–

(क) पृमोद (ख) प्रमुद

(ग) प्रमोद (घ) प्रमाद

19.'मृत्तिका' शब्द का तद्भव रूप है–

(क) भूमि (ख) मुख्या

(ग) मिट्टी (घ) मित्र

20.'सुहाग' शब्द का तत्सम रूप होगा–

(क) स्वामी (ख) सुहागा
(ग) सौभाग्य (घ) दुर्भाग्य

21.'सूरज' का तत्सम रूप है–

(क) सूर्य (ख) दिनकर

(ग) सुरिज (घ) प्रकाश

22. निम्न में से गेहूं का तत्सम् क्या होगा?

(क) गोधूम (ख) गौधन्

(ग) गावधम (घ) गेधम्

23. निम्न में से हल्दी का तत्सम क्या होगा?

(क) हरिद्रा (ख) हरैन्द

(ग) हरित (घ) हरिह

24. निम्न में से अच्छर का तत्सम क्या होगा?

(क) अंश (ख) अशुर

(ग) अक्षर (घ) ओक्षर

25. निम्न में से बछड़ा का तत्सम क्या होगा?

(क) वस　　(ख) बस्

(ग) वत्सन्　　(घ) वत्स

26. निम्न में से माता का तत्सम क्या होगा?

(क) मात्र (ख) मातु

(ग) मातृ (घ) मत्

27. निम्न में से ‘कबूतर’ का तत्सम क्या है?

(क) कपूत (ख) कुपुत्र

(ग) कबूतर (घ) कपोत

28. निम्न में से सावन का तत्सम क्या है?

(क) श्रावण (ख) स्वान

(ग) सवन् (घ) श्रवण

29. निम्न में से धरम का तत्सम क्या है?

(क) धरम्　　(ख) धीरम्

(ग) धर्म　　(घ) र्धम

30. निम्न में से अनाज का तत्सम है?

(क) अन्न (ख) अन्

(ग) अनु (घ) अन

31. निम्न में से ओठ का तत्सम क्या है?

(क) ओठ्    (ख) ओठ्ठ

(ग) ओष्ठ    (घ) ओठु

32. निम्न में से कपूर का तत्सम है?

(क) कर्पू (ख) कपुर
(ग) कर्पूर (घ) कर्प

33. निम्न में से कुआं का तत्सम क्या है?

(क) कूप (ख) कुएं

(ग) कूआं (घ) कुआं

34. निम्न में से खेत का तत्सम क्या है?

(क) खेत्   (ख) क्षेत्र

(ग) खेतवा   (घ) क्षेत्रम्

35. निम्न में से गांठ का तत्सम क्या होगा?

(क) गठ्

(ख) गठम्

(ग) ग्रन्थि

(घ) ग्रन्थ

36. निम्न मे से चरन का तत्सम क्या होगा?

(क) चरन्     (ख) चरण

(ग) चरणम्     (घ) चरनम्

37. निम्न में से मीत का तत्सम क्या है?

(क) मीतम्　　(ख) मित्र

(ग) मित्रम्　　(घ) मीतु

38. निम्न में से फूल का तत्सम क्या है?

(क) पुष्प (ख) पुष्पम्

(ग) फूलम् (घ) फूलानि

39. निम्न में से 'साखी' का तत्सम क्या है?

(क) अक्षि (ख) साक्षी

(ग) साक्ष्य (घ) साख

40. निम्न में से आग का तत्सम क्या है?

(क) अग्निम्　　(ख) अग्नि

(ग) अग्निम्　　(घ) आगम्

41. निम्न में से आम का तत्सम क्या है?

(क) आमम्  (ख) आम्रि्

(ग) आम्र  (घ) आम

42. निम्न में से काठ का तत्सम क्या है?

(क) काठम्  (ख) काठ्

(ग) काष्ठ  (घ) काष्टि

43. निम्न में से कान का तत्सम क्या है?

(क) कानम्
(ख) कर्न
(ग) कर्णिम्
(घ) कर्ण

44. निम्न में नींद का तत्सम क्या है?

(क) निन्द्रा  (ख) नींद्

(ग) नींदम्  (घ) निद्रा

45. निम्न में से दही का तत्सम है?

(क) दहीम्　　(ख) दुग्ध

(ग) दधिम्　　(घ) दधि

46. निम्न में से गुनी का तत्सम क्या है?

(क) गुणी (ख) गुनीम्

(ग) गुणवान् (घ) गुणिम्

47. निम्न में से बिच्छू का तत्सम क्या है?

(क) बिच्छूए (ख) बिच्छूआ
(ग) वृश्चि (घ) वृश्चिक

48. निम्न में से भाप तत्सम क्या है?

(क) भापम्  (ख) वाष्पम्

(ग) वाष्प  (घ) वाष्पि

49. निम्न में से लखन का तत्सम क्या है?

(क) लखनम् (ख) लक्ष्मण
(ग) लक्ष्मण् (घ) लखनि

50. निम्न में से भौंरा का तत्सम क्या है?

(क) भौरम्　　(ख) भ्रमर

(ग) भ्रमम्　　(घ) भ्रमित

51. निम्न में से गात का तत्सम क्या है?

(क) गातम्　　(ख) गात्रिम्

(ग) गात्र　　(घ) गाम्

52. निम्न में से सौ का तत्सम क्या है?

(क) शतक (ख) शत

(ग) सत (घ) सवम्

53. निम्न में से उचारन का तत्सम क्या है?

(क) उच्चारणी (ख) उच्चारणम्

(ग) उच्चारण (घ) उचारम्

54. निम्न में से मुखिया का तत्सम क्या है?

(क) मुख्य (ख) मुखिया

(ग) प्रमुख (घ) प्रमुखी

55. निम्न में से बुड्ढा का तत्सम क्या है?

(क) बुद्धम्　　(ख) वृध्दि

(ग) वृध्दिम्　　(घ) वृध्द

56. निम्न में से 'बहू' का तत्सम क्या है?

(क) बहूएं (ख) बहु
(ग) वधू (घ) वधुएं

57. निम्न में से 'अंगीठी' का तत्सम क्या है?

(क) अगीठा (ख) अग्निष्ठिका

(ग) अग्निहोत्री (घ) अंगीठिका

58. निम्न में से छेद का तत्सम क्या है?

(क) छेद (ख) छेदनी

(ग) छिद्र (घ) छिद्रम्

59. निम्न में से श्राप का तत्सम क्या है?

(क) शाप (ख) श्राप

(ग) श्रापम् (घ) श्रपाम्

60. निम्न में से सरवन का तत्सम क्या है?

(क) श्रवण (ख) श्रवनम्

(ग) श्रवणम् (घ) सरवन

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 (क) | 2 (ख) | 3 (ख) | 4 (क) | 5 (ग) | 6 (क) | 7 (क) | 8 (क) | 9 (क) | 10 (ख) |
| 11 (ख) | 12 (ग) | 13 (क) | 14 (ख) | 15 (ग) | 16 (ख) | 17 (क) | 18 (ग) | 19 (ग) | 20 (ग) |
| 21 (क) | 22 (क) | 23 (क) | 24 (ग) | 25 (घ) | 26 (ग) | 27 (घ) | 28 (क) | 29 (ग) | 30 (क) |
| 31 (ग) | 32 (ग) | 33 (क) | 34 (ख) | 35 (ग) | 36 (ख) | 37 (ख) | 38 (क) | 39 (ख) | 40 (ख) |
| 41 (ग) | 42 (ग) | 43 (घ) | 44 (घ) | 45 (घ) | 46 (क) | 47 (घ) | 48 (ग) | 49 (ख) | 50 (ख) |
| 51 (ग) | 52 (ख) | 53 (ग) | 54 (ग) | 55 (घ) | 56 (ग) | 57 (ख) | 58 (ग) | 59 (क) | 60 (क) |